प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक: 17.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 75वां जन्मदिवस सेवा पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। देशभर में विभिन्न आयोजन।
- प्रधानमंत्री आज मध्यप्रदेश से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार और राष्ट्रीय पोषण महाअभियान का शुभारम्भ करेंगे।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राजेश्वर सिंह को प्रदेश का मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया।
- केन्द्र सरकार की एमपावर्ड कमेटी ने राज्य में 3200 मेगावाट की कोल आधारित परियोजना स्थापित करने को मंजूरी दी।
- विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि श्री मोदी ने अपने असाधारण नेतृत्व से कड़ी मेहनत से देश में महान लक्ष्यों को प्राप्त करने की संस्कृति का संचार किया है।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मध्य प्रदेश के धार जिले में **स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान** का शुभारंभ करेंगे। वे राज्य में **आदि सेवा पर्व** का भी उद्‌घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री धार जिले के भैंसोला गांव में भारत के पहले **पीएम मित्र पार्क** की आधारशिला भी रखेंगे। वहीं आठवां राष्ट्रीय पोषण महीना प्रदेशभर में मनाया जायेगा। पोषण अभियान से महिलाओं और बच्चों में पोषण के प्रति जागरूकता फेलाई जायेगी। महिला और बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने बताया कि इस दौरान व्यापक स्तर पर गतिविधियां होंगी। इनके माध्यम से स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जन–जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी निभाई जायेगी। जिला स्तर पर और आंगनबाड़ी केन्द्रों में रैली, मेला, संगोष्ठी, प्रतियोगिता, प्रदर्शनी और बैठकें आयोजित की जाएंगी। करौली से हमारे संवाददाता ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए जिले और पंचायत स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई है।

.....

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेशभर में आज से **सेवा पर्व** का आयोजन किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, ग्रामीण सेवा शिविर एवं शहरी सेवा शिविर जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें मुख्यमंत्री शामिल होंगे। स्वच्छता कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यमंत्री ने जयपुर के सिटी पार्क से की। मुख्यमंत्री ने सफाई अभियान में हिस्सा लिया। अपने संबोधन में उन्होंने हरियालो राजस्थान का संकल्प पूरा करने के लिए पौधरोपण पर जोर दिया।

.....

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर जवाहर कला केन्द्र में प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इसके उद्‌घाटन के बाद मुख्यमंत्री मालवीय नगर में शहरी सेवा शिविर का शुभारम्भ करेंगे। श्री शर्मा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में **मध्यप्रदेश** में आयोजित होने वाले **स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान** के शुभारंभ कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुडेंगे। इसका राज्यस्तरीय कार्यक्रम जयपुर में आरयूएचएस में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में थैलेसीमिया कुटुंब योजना, मन दर्पण कार्यक्रम तथा जेके लोन अस्पताल में सीटीवीएस इकाई का शुभारंभ भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री इसके बाद सीतापुरा में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन भी करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर में जयपुर की बस्सी तहसील में टोडाभाटा ग्राम पंचायत से 'ग्रामीण सेवा शिविर' का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान राज्य की

प्रत्येक पंचायत समिति में सप्ताह में तीन दिन आयोजित किया जाएगा। इनमें से प्रत्येक दिन हर पंचायत समिति की दो ग्राम पंचायतों में ये शिविर लगेंगे। प्रदेशभर में इन शिविरों के सफल क्रियान्वयन के लिए व्यापक तैयारियां की गई है। पाली से हमारे संवाददाता ने बताया कि ग्रामीण और शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने के प्रयास किये जायेंगे।

00000

भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर पूरे देश में सेवा पखवाड़ा मनाएगी। यह पखवाड़ा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती, 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान, अलग–अलग विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इनके जरिये सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुँचाने, साफ सफाई को बढ़ावा देने, जल आपूर्ति सुनिश्चित करने और पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी राजेश्वर सिंह को प्रदेश का मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया है। राज्यपाल श्री बागडे ने कल इस बारे में आदेश जारी किये। श्री सिंह पिछले साल ही अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद से रिटायर हुए थे। मधुकर गुप्ता की सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें ये जिम्मेदारी दी गई है।

000

केन्द्र सरकार की एम्पावर्ड कमेटी ने राज्य में 3200 मेगावाट की कोल आधारित परियोजना स्थापित करने की मंजूरी दी है। इससे प्रदेश की ऊर्जा उत्पादन क्षमता में बढोतरी होगी। इसके साथ ही राज्य में निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने और दीर्घकालिक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस कोल परियाजना की स्थापना से लगभग 40 हजार करोड़ रूपये का निवेश होगा। इससे राज्य में राजस्व बढोतरी के साथ रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पिछले दिनों केन्द्रीय कोयला मंत्रालय से कोल लिंकेज के आंवटन का आग्रह किया था।

00000

प्रदेश में गलत प्रमाण पत्रों के माध्यम से नौकरी पाने वाले कर्मचारियों की जांच शुरू की गई है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने कहा है कि फर्जी तरीके से नौकरी पाने वाले कर्मचारियों का पता लगाया जा रहा है। कल झुंझुनूं दौरे पर आये बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि इस बारे में कई शिकायतें मिली है। इसके बाद बोर्ड एसओजी के साथ मिलकर संदिग्ध कर्मचारियों की सूची तैयार कर रहा है। फर्जी विधवा और तलकशुदा प्रमाण पत्र बनवाकर नौकरी हांसिल करने वाली कर्मचारियों की पडताल की जा रही है। उन्होंने कहा इसी तरह गलत दिव्यांगता सर्टिफिकेट से नौकरी करने वालों की भी जांच की जायेगी।

.....

00000

आज विश्वकर्मा जयंती है। भगवान विश्वकर्मा को महानतम वास्तुकार और शिल्पकार माना जाता है। इस दिन श्रमिक, कारीगर, और औद्योगिक क्षेत्र से जुडे लोग विश्वकर्मा पूजन करते है। बिहार के बोधगया में आज **विश्वकर्मा और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति–अनुसूचित जनजाति केन्द्र महासम्मेलन** का आयोजन किया गया है। **प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना** की दूसरी वर्षगांठ पर एमएसएमई मंत्रालय की ओर से ये सम्मेलन रखा गया है। केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी और राज्यमंत्री शोभा करनदलाजे इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रदेश में भी कई कार्यक्रम होंगे। कोटपूतली–बहरोड़ में इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की झांकी निकाली जायेगी और विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया जायेगा।

.....

00000